हिन्दी मिलाप

भारतीय सहकारिता प्रबंधन कार्यालय में हिन्दी कार्यशाला आयोजित

भारतीय सहकारिता प्रबंधन कार्यालय में आयोजित हिन्दी कार्यशाला का दृश्य।

हैदराबाद, 15 जून-(मिलाप ब्यूरो) भारतीय सहकारिता प्रबंधन कार्यालय, राजेन्द्रनगर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति-2 के तत्वावधान में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन निदेशक, आईसीएम एच.एस.के. तंगीराला की अनुमति से किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अवसर पर निदेशक, आईआईएमआर अध्यक्ष डॉ. सी.वी. रत्नावती, सहायक निदेशक एवं प्रभारी (हि.शि.यो) जयशंकर प्रसाद तिवारी तथा सहायक निदेशक (रा.भा.) कमाउद्दीन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। नराकास-2 की सदस्य सचिव अनीता पांडे (सहायक निदेशक, रा.भा.) ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। निजी सचिव नाजिया ने मंचासीन का अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया। कार्यशाला का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। एच.एस.के. तंगीराला ने सभी का स्वागत करते हुए आईसीएम संस्थान की संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संस्थान राजभाषा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकतम कार्य करने के लिए प्रयासरत है।

अध्यक्ष डॉ. सी.वी. रत्नावती ने कहा कि वह नराकास की ओर से आयोजित कार्यशाला में उपस्थित होकर अत्यंत प्रसन्नता हैं। सरकार राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु दृढ़ संकल्प है, अधिकांश कार्य को हिन्दी में करवाने के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने मिलेट संस्थान की जानकारी देते हुए इसके उपयोग के बारे में तथा मधुमेह एवं अन्य बीमारियों के जोखिम को कम करने की जानकारी दी। तत्पश्चात कार्यशाला का सत्र संचालन डॉ. कमाउद्दीन ने किया। उन्होंने 'अहिन्दी भाषियों के लिए हिन्दी कार्य में आने वाली कठिनाईयों का समाधान' विषय पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यशाला सत्र की समाप्ति पर हिन्दी शिक्षण योजना के जयशंकर प्रसार तिवारी (सहायक निदेशक एवं प्रभारी, हिन्दी शिक्षण योजना) का शॉल और स्मृति चिह्न से सम्मान किया गया। कार्यशाला में विभिन्न कार्यालयों से लगभग 55 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला में एनआईआरडीपीआर के हिन्दी अनुभाग तथा आईसीएम के कर्मचारियों ने संपूर्ण सहयोग दिया। हिन्दी अनुवादक वी. अन्नपूर्णा ने कार्यशाला का संचालन किया। नाजिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।